# हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025

04 पांच मंडी कर्मचारी, सहकारी समिति...



10 पेट्रोल पंपों पर खुलना थे पीयूसी सेंटर विभाग...





## खबर संक्षेप

### शिवराज सिंह चौहान आज विदिशा आएंगे



**विदिशा।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को विदिशा आएंगे। दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक का समय आरक्षित रखा गया है। इसके बाद दोपहर 3.15 बजे राजपूत धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 4.30 बजे विदिशा से बेगमगंज के लिए रवाना होंगे।

### जिपं अध्यक्ष ने बुजुर्गों को सम्मानित किया



**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने हरि वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों का माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर श्रीमती रघुवंशी ने कहा कि वृद्धजन की सेवा और सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने वृद्धाश्रम के निवासियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। जिला पंचायत अध्यक्ष ने वृद्धाश्रम के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया और वृद्धजनों के प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त किया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### नि:शुल्क चिकित्सा व परामर्श शिविर 5 को

**विदिशा।** स्व. गोविंद प्रसाद श्रीवास्तव की पुण्य स्मृति में 5 अक्टूबर रविवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आर्य समाज मंदिर श्रद्धानंद पथ बड़ा बाजार में निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जाएगा। सिर के बालों से लेकर पैर के नाखूनों तक शरीर में होने वाली समस्त बीमारियों का प्रभावी चिकित्सा परामर्श, दवाईयां नाड़ी परीक्षण डॉ. नेहा श्रीवास्तव, डॉ. हेमंत श्रीवास्तव, डॉ. राकेश श्रीवास, डाइटीशियन रीतेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया जाएगा। शिविर का आयोजन हेमंत होम्यो केयर आयुर्वेदिक होम्योपैथिक क्लीनिक एवं थैरेपी सेंटर द्वारा किया जा रहा है।

### धान खरीदी के पंजीयन कार्य 10 अक्टूबर तक

**विदिशा।** समर्थन मूल्य पर धान बेचने किसानों के पंजीयन का काम 11 पंजीयन केन्द्रों के अलावा अन्य माध्यमों से किया जा रहा है। पंजीयन की आखिरी तारीख 10 अक्टूबर निर्धारित की गई है। 11 पंजीयन केन्द्रों में अब तक 257 किसानों ने धान के लिए पंजीयन कराया है। विदिशा जिले के 114 किसान, गुलाबगंज के 42, बासौदा के 29, पठारी 15, शमशाबाद के 13, ग्यारसपुर 11, नटेरन के 11, विदिशा के 10, कुरवाई के 7 और त्योंदा के पांच कुल 257 किसानों ने धान के लिए पंजीयन कराया है।

### पथ संचलन के लिए किया भूमिपूजन



**विदिशा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन के लिए पुरानी गल्ला मंडी बरईपुरा में भूमिपूजन किया गया। जिसमें मध्य भारत प्रांत के ग्राम विकास प्रमुख एवं प्रचारक बृजकिशोर भार्गव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वहीं नगर कार्यवाह राजेंद्र बघेल, बस्ती प्रमुख आलोक चौकसे, सह बस्ती प्रमुख अक्षय चौरसिया, गगन राजपूत, अशोक शर्मा, संदीप उदयबाल, चक्रेश विश्वकर्मा, चंद्र प्रकाश बाधवानी, सिद्धार्थ भंडारी, देवव्रत रघुवंशी, अरुण सूर्यवंशी, मणि प्रताप तिवारी आदि मौजूद रहे।

## दशहरा: पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, चप्पे-चप्पे पर रहेगी पैनी नजर

# आज जैन कॉलेज में होगा 35 फीट ऊंचे रावण का अंत, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

***आज जैन कॉलेज में रावण दहन होगा। जिसको लेकर करीब 200 से अधिक संख्या में पुलिस बल को मुस्तैद किया गया है। पुलिस ने पैदल फ्लैग मार्च निकाला। जैन कॉलेज ग्राउंड पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस चप्पे चप्पे पर नजर रख ही है। वहीं सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जाएगी और भड़काऊ या भ्रामक पोस्ट करने वालों के खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा। वहीं प्रशासन भी दशहरे पर्व को लेकर सतर्क और चौकन्ना है।***

- सोशल मीडिया पर भी रहेगी पुलिस की पैनी नजर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आज दो अक्टूबर गुरुवार को विजयदशमी दशहरा चल समारोह निकाला जाएगा। जैन कॉलेज ग्राउंड में 35 फीट ऊंचे रावण का दहन होगा। कलेक्टर एवं रामलीला मेला समिति के अध्यक्ष अंशुल गुप्ता ने बताया कि दशहरा पर्व पर जैन कॉलेज प्रागंण में आकर्षक रंगीन आतिशबाजी के साथ-साथ रावण दहन रात 8 बजे किया जाएगा। चल समारोह प्रधान संचालक के निवास चौपड़ा से शाम 4 बजे शुरू होकर भगवान व्यंकटेश्वर बालाजी महाराज के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दशहरा मैदान जैन कॉलेज प्रागंण पहुंचेगा।

नवरात्रि एवं दशहरा पर्व की सुरक्षा के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस बल, ड्रोन व सीसीटीवी निगरानी के साथ सुरक्षा के सख्त इंतज़ाम किए गए हैं। नवरात्रि, दशहरा एवं अन्य आगामी पर्वों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को पुलिस द्वारा शहर में पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च थाना कोतवाली से प्रारंभ होकर तिलक चौक, बड़ा बाजार, बजरिया, जय स्तंभ, खाईरोड, तोपपुरा, इमली बैस दरवाजा, कल्लू मुर्गा वाली गली, विजय मंदिर, बक्सरिया, चोपड़ा, रायसेन गेट, बड़ा बाजार, सलीम भाई वाली गली, शिवाजी चौक, बसस्टैंड से होते हुए नीमताल पर संपन्न हुआ। फ्लैग मार्च में एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह, कोतवाली टीआई आनंद राज, टीआई आरके मिश्रा, महिला थाना प्रभारी उर्मिला यादव, यातायात प्रभारी आशीष राय एवं आरआई भूरसिंह चौहान सहित विभिन्न शाखाओं के अधिकारी, शक्ति मोबाइल की टीम, ब्लैक कमांडो दस्ता, सुरक्षा गार्ड, ग्राम रक्षा व नगर सुरक्षा समिति सदस्य तथा पुलिस स्टाफ शामिल रहे। कुल लगभग 200 से अधिक पुलिस बल इस फ्लैग मार्च में सक्रिय रहा। नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाने संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस उपस्थिति दर्ज कराने और किसी भी अप्रिय घटना व अफवाहों पर रोकथाम करने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया। एसपी रोहित काशवानी ने आमजन से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपत्तिजनक पोस्ट की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश फैलाने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



विदिशा। दशहरे पर्व को लेकर थाने में मौजूद पुलिस बल को निर्देश देते हुए एसपी रोहित काशवानी।

## जिला पंचायत अध्यक्ष के पत्र पर सीएम ने लिया संज्ञान अहमदपुर मार्ग की होगी मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि विदिशा अहमदपुर मार्ग का कई बार निर्माण होने के बावजूद सड़क जल्दी खराब हो जाती थी और दुर्घटनाओं के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस समस्या के संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा जुलाई एवं अगस्त माह में मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखा था।

मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे को संज्ञान में लेते हुए एमपी रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के एमडी भरत यादव को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। एमपीआरडीसी द्वारा प्राप्त पत्र में बताया गया है कि मार्ग के तात्कालिक रिपेयरिंग के लिए आवश्यक निधि जारी कर दी गई है तथा स्थायी और टिकाऊ निर्माण के लिए एडीबी योजना के अंतर्गत आवश्यक प्रस्ताव कर दिया गया है। वित्तीय स्वीकृति और तकनीकी कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। वर्तमान में विदिशा अहमदपुर मार्ग के 20 किलोमीटर की यात्रा में लगभग 1 घंटे समय लग रहा है तथा बड़े-बड़े गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं का जोखिम बना रहता है। मार्ग के समग्र पुनर्निर्माण की अनुमानित लागत लगभग 70 करोड़ है और प्रस्तावित निर्माण पर 10 वर्षों की गुणवत्ता गारंटी रहेगी।



जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने कहा कि यह हमारे ग्रामीणों के लिए एक बड़ी राहत है। मुख्यमंत्री एवं एमपीआरडीसी के तत्पर सहयोग के लिए आभारी हूँ।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्माण गुणवत्ता पूर्ण, पारदर्शी के साथ हो। ग्रामीणों को जल्द से जल्द सुरक्षित व सुचारु मार्ग उपलब्ध हो। अगले चरण में एमपीआरडीसी द्वारा जारी राशि से शीघ्र रिपेयरिंग कार्य प्रारंभ होगा। एडीबी से निर्माण स्वीकृति मिलने के पश्चात पूर्ण निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। जिला पंचायत इस पूरे कार्य की निगरानी करेगी।

### हत्या के आरोपी को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** एसडीओपी कुरवाई रोशनी ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना कुरवाई पुलिस को एक सफलता मिली है। 29 तारीख की दरमियानी रात को फरियादी कैलाश अहिरवार पिता फूलसिंह अहिरवार, उम्र 40 वर्ष निवासी लायरा बरखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके भाई चुन्नीलाल पिता फुल्ला उर्फ फूलसिंह अहिरवार की आरोपी रिकू पिता मथुरा प्रसाद आदिवासी ने कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। कुरवाई पुलिस ने आरोपी रिकू को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के पंजीयन 3 से शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शासन ने सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना प्रारंभ की है। जिसके पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर तक होंगे। पंजीयन की निशुल्क व्यवस्था स्वयं के मोबाइल, एमपी किसान एप के माध्यम से, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्रों पर रहेगी।

सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं विपणन सहकारी संस्था स्तर पर स्थापित पंजीयन केंद्रों पर उपलब्ध होगी। सहकारी समितियों एवं विपणन सहकारी समितियों के द्वारा भी पंजीयन केन्द्रों पर किए जाएंगे। पंजीयन शुल्क 50 रुपए देकर एमपी ऑनलाइन, कियोस्क, लोक सेवा केंद्रों एवं कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क पर साइबर कैफे पर भी किए जा सकते हैं। जानकारी के लिए किसान कंट्रोल रूम के नंबर 07592-233153 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

> पंजीयन कराने से पहले किसानों को आधार नंबर से बैंक खाता एवं मोबाइल नंबर को लिंक कराना होगा।

### युवती को ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज.विदिशा।** आनंदपुर पुलिस ने गंभीर अपराध के आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक युवती की शिकायत पर थाना आनंदपुर पुलिस ने आरोपी दीपेश अहिरवार निवासी ग्राम वामनखेड़ी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप था कि आरोपी ने युवती के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए एवं फोटो लेकर ब्लैकमेल करने की कोशिश की। रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी आनंदपुर उप निरीक्षक अनुज प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को शीघ्र ही परवरिया रोड आनंदपुर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का चिकित्सकीय परीक्षण एवं ब्लड सेम्पलिंग जिला अस्पताल विदिशा में कराई गई तथा आरोपी को न्यायालय पेश कर हवालात भेजा गया।

## मैं हूं अभिमन्यु अभियान: एसएटीआई कॉलेज में छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी जानकारी दी

# कठपुतली नाटक के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं सुरक्षा के लिए जिला में **मैं हूं अभिमन्यु** जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में जिलेभर में चल रहे इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, लैंगिक समानता, महिला सम्मान और सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना है। इसी क्रम में एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे तथा सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को एसएटीआई कॉलेज में थाना प्रभारी निरीक्षक आरके मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक ज्योति परते एवं महिला आरक्षक रश्मि मिश्रा द्वारा छात्राओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी, महिला हेल्पलाइन, पुलिस हेल्पलाइन एवं बच्चों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कठपुतली नाटक के माध्यम से भी जागरूकता संदेश दिया गया। जिसे छात्राओं ने अत्यंत रोचक और उपयोगी बताया। पुलिस ने महिला सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर महिला हेल्पलाइन 1090, पुलिस हेल्पलाइन 112, साइबर हेल्पलाइन 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के संबंध में भी जानकारी दी। पुलिस का यह प्रयास महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने की दिशा में सशक्त जनआंदोलन है।



विदिशा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में कॉलेज की छात्राएं मौजूद रहीं।

- बच्चों की सुरक्षा से जुड़े बिंदुओं पर जानकारी दी।

### स्थानीय अवकाश में संशोधन अब भाई दूज पर रहेगी छुट्टी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्थानीय अवकाश में संशोधन का आदेश जारी किया है। अब गुरुवार 23 अक्टूबर भाई दूज का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी का सामान्य अवकाश घोषित किया था। इस अवकाश को निरस्त करते हुए उसके स्थान पर भाई दूज का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया। अवकाश बैंक, कोषालय, उपकोषालय पर लागू नहीं होगा।

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का आयोजन आज से

**विदिशा।** प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल की जा रही है। इसके लिए 2 से 9 अक्टूबर तक दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पशुपालकों से संवाद करने के सबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश में पशुपालकों से व्यक्तिगत संवाद कर नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी साझा की जानी है। इस अभियान के उददेश्यों की पूर्ति के लिए संबंधित विषयों पर पशुपालकों से समानुभाव के साथ संवाद स्थापित किया जाना आवश्यक है। जारी बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए ग्राम में संपर्क की कार्यवाही की जाए के निर्देश दिए गए हैं। सहायक पशुचिकित्सा क्षेत्र अधिकारी द्वारा ग्राम सम्पर्क से पूर्व उपलब्ध कराई गई सूची में उल्लेखित पशुपालकों से दूरभाष पर संपर्क कर पहुंचने की तिथि व समय की सहमति प्राप्त करने के प्रयास किए जाए। साधारण वेशभूषा में ग्राम प्रवेश में कर मंहगी वस्तुओं का प्रदर्शन करने से बचने के निर्देश दिए गए हैं।

### चोरी की दो एक्टिवा सहित एक चोर गिरफ्तार हुआ

**विदिशा।** सिविल लाइन पुलिस ने चोरी गई दो एक्टिवा बरामद की हैं। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जबकि एक अन्य आरोपी फरार है। जिसकी तलाश जारी है। पीतलमील डीपी के पास एवं पुरनपुरा रोड पर हुई चोरी की सूचना पर सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## स्पीड पोस्ट शुल्क में परिवर्तन व नई सुविधाओं की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

डाक विभाग ने 1 अगस्त 1986 को स्पीड पोस्ट की शुरुआत की थी ताकि देशभर में पत्रों और पार्सलों के तेज और विश्वसनीय वितरण को सुनिश्चित किया जा सके।

देश में पसंदीदा वितरण सेवा के रूप में अपनी स्थिति और मजबूत करने के लिए इसमें अब, ग्राहकों की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से निम्नलिखित नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं। जिनमें ओटीपी-आधारित सुरक्षित वितरण, ऑनलाइन भुगतान, एसएमएस-आधारित वितरण सूचनाएं, ऑनलाइन बुकिंग सेवाएं, वास्तविक समय (रीयल-टाइम) वितरण अपडेट, उपयोगकर्ताओं के लिए पंजीकरण सुविधा, इनलैंड स्पीड पोस्ट का शुल्क अंतिम बार अक्टूबर 2012 में संशोधित किया गया था। निरंतर सुधारों को बनाए रखने, बढ़ती परिचालन लागतों को पूरा करने और नए नवाचारों में निवेश करने के लिए, अब स्पीड पोस्ट का शुल्क तार्किक रूप से संशोधित किया गया है। राजपत्र अधिसूचना द्वारा निम्न संशोधित शुल्क सूचित किए गए हैं, जो 1 अक्टूबर से प्रभावी होंगे।

> स्पीड पोस्ट भारत की सबसे लोकप्रिय और विश्वसनीय मेल सेवाओं में से एक बन चुकी है।

## दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में वृद्धजन दिवस का आयोजन हुआ

# अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण कर 150 वृद्धजनों का सम्मान किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर वृद्धजनों को सम्मानित कर उनके जीवन अनुभवों और समाज में योगदान को सराहा गया।

कार्यक्रम में लगभग 150 वृद्धजनों को पुष्पमाला, श्रीफल और शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन कर उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ प्रदान किया गया। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने वृद्धजनों को कानूनी अधिकारों एवं सहायता संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर वृद्धजन बाबूलाल रघुवंशी ने अपनी भावनाओं को कविता के माध्यम से व्यक्त कर उपस्थितजनों को भावविभोर किया।

कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि रही कि 106 वर्षीय कादिर खान को उनके घर पर जाकर शतायु सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें शाल, श्रीफल एवं एक हजार रुपए की सम्मान राशि भेंट कर समाज में उनके अमूल्य योगदान का सम्मान किया गया। सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक पंकज जैन ने बताया कि यह आयोजन न केवल वृद्धजनों के प्रति समाज की संवेदनशीलता को दर्शाता है, बल्कि उनके सम्मान और अधिकारों को सुदृढ़ करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। सामाजिक न्याय विभाग ने विभागीय योजनाओं तथा माता-पिता भरण-पोषण अधिनियम की जानकारी देकर वृद्धजनों को लाभांवित किया। कार्यक्रम में जिपं पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, जपं अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी, ब्रह्माकुमारी संस्था से प्रजापिता सपना दीदी, पेंशन एसोसिएशन अध्यक्ष ओमप्रकाश चतुर्वेदी मौजूद रहे। श्रीहरि वृद्धा आश्रम अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने वृद्धजनों का सम्मान कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।




विदिशा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे।



## खबर संक्षेप

### पेंशनर एसोसिएशन की बैठक 3 को

**गंजबासौदा।** पेंशनर एसोसिएशन के प्रांत अध्यक्ष सुधीर दुबे ने एक प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि नगर के पेंशनर 8 अक्टूबर को भोपाल में अम्बेडकर पार्क में धरना देगें। इसको लेकर बासौदा के पेंशनर की बैठक 3 अक्टूबर को लोक निर्माण विभाग परिसर में आयोजित की गई है। पेंशनरों का यह धरना 2 प्रतिशत मंहगाई भत्ता, पेंशनर की मृत्यु होने पर 1,25000 अनुग्रह राशि एवं पेंशनरों के बेरोजगार बच्चों को पीले राशन कार्ड, 27 माह का एरियर, 30 जून एवं 31 दिसम्बर को सेवा निवृत्त पेंशनरों का शासन के आदेश अनुसार एक वेतन वृद्धि का लाभ तथा एरियर का भुगतान सहित अनेक मांगो की पूर्ति को लेकर आयोजित किया जा रहा है। पेंशनर प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह गुर्जर, तहसील अध्यक्ष राजकुमार पाराशर, अब्दुल वहाव सिद्धीकी, जगदीप सिंह राजपूत, रविशंकर लोहिया, विद्याशरण शर्मा, जयराम अहिरवार, अनिल तिवारी, कैलाश नामदेव, राजेश रिछारिया, गोविंद श्रीवास्तव, द्वारका प्रसाद चौरसिया सहित अनेक पेंशनर प्रतिनिधियों ने 3 अक्टूबर को सुबह 11 बजे लोक निर्माण परिसर में आयोजित बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### भाजपा ने की अपील

**गंजबासौदा।** गुरूवार 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सुबह 10:30 बजे गांधी चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा एवं जय किसान जय जवान का नारा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की जाएगी। महारानी लक्ष्मी बाई पार्क, देहात थाने में पौध रोपण कर नमो वन बनाया जाएगा। भाजपा नगर मंडल ने समस्त कार्यकर्ताओं से शामिल होने की अपील की है।

# टीटी जैन पाठशाला झांकी में हुई गंगा मैया की आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को रात्रि के समय पाठशाला परिसर में लगी झांकी पंडाल में मां गंगा की विशेष आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान बाहर से आए कलाकारों ने गंगा मैया की विधि विधान से आरती, पूजन की। इस दौरान एसडीएम संतोष बिटौलिया, तहसीलदार अरविंद यादव, नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, मनोज यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक, झांकी संचालन समिति पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, महिला, पुरुष श्रद्धालुगण सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे।





## एसडीएम ने किया कृषि मंडी, समिति और स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

# पांच मंडी कर्मचारी, सहकारी समिति प्रबंधक और सहायक मिले अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को एसडीएम संतोष बिटौलिया द्वारा कंजना की पठार स्थित नवीन कृषि मंडी समिति का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कृषि उपज मंडी में पदस्थ 9 कर्मचारी अवकाश पर या अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित कर्मचारियों में सहायक उपनिरीक्षक अरविंद कुलश्रेष्ठ, सहायक उपनिरीक्षक रूपसिंह ठाकुर, सहायक उपनिरीक्षक आकाश जैन, सहायक उपनिरीक्षक नम्रता जैन और स्थाई कर्मी राधा वर्मा शामिल हैं। जबकि चार कर्मचारी आकस्मिक अवकाश पर थे। इन सभी को एसडीएम द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं मंडी समिति द्वारा कराए जा रहे पेवर ब्लॉक का कार्य बेहद धीमी गति से होने एवं सीसी रोड का संबंधित ठेकेदार द्वारा अभी तक काम प्रारंभ न करने पर उन्हें नोटिस जारी किए गए। इसके पश्चात एसडीएम ने ग्राम गमाखर प्राथमिक साख समिति का निरीक्षण किया। इस दौरान समिति में ताला बंद पाया गया। समिति प्रबंधक और सहायक अनुपस्थित मिले। जिस पर सहकारी समिति के एमडी और सहायक खाद अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। उचित मूल्य की दुकान पर भी राशन विक्रेता के संबंध में जानकारी लेने पर ग्रामीणों ने बताया कि राशन आ गया है परंतु वितरित नहीं हुआ है। वहीं एसडीएम द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। वहां डॉक्टर और नर्सिंग ऑफीसर वंदना ब्रह्मवंशी उपस्थित मिलीं। ग्रामीणों ने वंदना ब्रह्मवंशी की तारीफ की और बताया कि वह यहीं रहती हैं और हमेशा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं। इस मौके पर स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में घास खरपतवार देखकर वहां सफाई के भी निर्देश ग्राम सचिव को दिए गए।





# सिटी थाना में डीजे संचालकों की बैठक आयोजित कर दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को सिटी थाना में डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान तहसीदार अरविंद यादव, सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया, देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे द्वारा दशहरे के दिन निकलने वाली झांकियां को समुचित स्थान से बेतवा नदी में विसर्जन हेतु ले जाते समय धीमी आवाज में डीजे चलाने एवं धार्मिक स्थल, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल आदि स्थानों पर धीमी आवाज में डीजे बजाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में बताया गया कि कभी-कभी डीजे की अधिक आवाज होने से अप्रिय घटनाएं घटित हो जाती हैं। ऐसी स्थिति निर्मित ना हो अन्यथा डीजे संचालकों के विरुद्ध नियम अनुसार कार्रवाई की जाऐगी। इससे पूर्व भी प्रशासन द्वारा कई बार बैठकें आयोजित समझाइश दी गई हैं।

# कृषि उपज मंडी समिति की बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को मंडी समिति द्वारा आयोजित बैठक में आगामी सीजन के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक में किसान संगठन, व्यापारी संगठन और मंडी समिति के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में मंडी में धर्म कांटे की समस्या का समाधान करने के लिए विचार किया गया। किसान भुगतान को लेकर समस्या का समाधान करने के लिए संयुक्त विचार किया गया। सीजन में होने वाले व्यवधानों को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर विचार किया गया। मंडी नीलामी में होने वाली विसंगतियों और सीजन में होने वाले व्यवधानों का समाधान करने की बात कही गई एवं किसान संगठन, व्यापारी संगठन और मंडी समिति के बीच सहयोग और समन्वय बढ़ाना। किसानों और व्यापारियों के हितों की रक्षा करना और उनकी समस्याओं का समाधान करने पर विचार किया गया। बैठक में मंडी सचिव सोहन लाल, इमरत सिंह राजपूत, शंभू सिंह रघुवंशी, जसवंत दांगी, आशीष दुबे, किसान संगठन के महेंद्र रघुवंशी, राजेश श्रीवास्तव, भारत सिंह रघुवंशी, भवानी शंकर, व्यापारी सतीश कटारे, शिवशरण रघुवंशी, सुखजीत सिंह, राकेश साहू, राजीव जैन आदि शामिल रहे।

# शीतला शक्तिधाम में हुआ विशाल कन्या भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवरात्रि पर्व की नवमी तिथि पर मां श्री शीतला के दरबार में कन्या भोज का विशाल कार्यक्रम रखा गया जिसमें नगर एवं ग्रामीण अंचलों से पधारी हुई हजारों की संख्या में कन्याओं ने एवं बच्चों सहित महिलाओं पुरुषों ने प्रसादी ग्रहण की। मां शीतला के दरबार में लगातार 9 दिन से दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। प्रतिदिन हजारों की संख्या में सुबह से शाम तक मां शीतला के दर्शनों के लिए एवं जल चढ़ाने के लिए भीड़ उमड़ती रही और लगातार भीड़ बढ़ती रही। बुधवार को नवमी पर्व के अवसर पर श्री शीतला माता मंदिर की ओर से विशाल कन्या भोज का आयोजन रखा गया। जिसमें सभी सेवाधारी और नागरिक तन, मन, धन से कन्या भोज की सेवा में लगे रहे एवं मंदिर परिसर की ओर से कन्याओं को चुनरी उड़ाई गई तथा नगर के समाजसेवियों द्वारा श्रद्धा अनुसार कन्याओं को फल, बिस्कुट, चाकलेट एवं नगद राशि देकर कन्याओं के पैर पूजकर उनसे आशीर्वाद लिया गया। कन्या भोज का कार्यक्रम सुबह 11 बजे से आरंभ हुआ जो दोपहर बाद तक चलता रहा। नवरात्रि पर्व एवं अष्टमी के मौके पर मंदिर के दरबार को फूलों से सजाया गया जिसकी सजावट देखते ही बनती है। इसके साथ ही मंदिर में महाआरती में भक्तजनों ने धर्म लाभ लिया एवं मां शीतला के दर्शन किए। उधर नवमी पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगी झांकियों में भी हवन पूजन एवं कन्या भोज कराए गए। साथ ही श्रद्धालुओं ने घरों में भी कन्या भोज कराते हुए देवी आराधना की। गुरूवार को विजया दशमी पर भी कई झांकियों में हवन, पूजन एवं कन्या भोज कराए जाएंगे और देवी प्रतिमाओं का विसर्जन भी किया जएगा।



### थाना परिसर में शस्त्र पूजन आज

**गंजबासौदा।** एसडीओपी शिखा भलावी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि विजयी दशमी दशहरा पर्व के अवसर पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम गुरुवार को दोपहर 2.30 बजे शहर थाना परिसर में आयोजित किया गया है। जिसमें समस्त पुलिस कर्मियों, गणमान्य नागरिकों से शामिल होने की अपील की गई है।

# नगरपालिका अध्यक्ष ने किया बुजुर्गों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नगर पालिका परिषद में एक सादे समारोह के दौरान नगर के वृद्धजनों का सम्मान किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने महिलाओं, बुजुर्गों को तिलक लगाकर और फूल माला पहना कर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार हमारे वृद्ध जनों का विशेष ध्यान रखती है उनके लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है जिनका लाभ वृद्ध जनों को मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों ने भी नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव को माला पहनाई और अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर पेंशन शाखा प्रभारी मोनिका भार्गव ने भी बुजुर्गों को शासन की योजनाएं बताते हुए उनका लाभ कैसे लिया जा सकता है। इस बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बडी संख्या में बुजुर्ग, नपाकर्मी और नागरिक मौजूद थे।

### शांति व्यवस्था भंग करने वाले दो गुटों के 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**त्योंदा।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम त्योंदा द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दिनाँक 30 सितम्बर को मोबाईल पर सूचना प्राप्त हुई कि हनुमान मंदिर के पास बागरोद चौराहा पर दो गुटों में लड़ाई झगडा हो रहा है। सूचना मिलने के तत्काल बाद पुलिस टीम बागरोद चौराहा पहुंची देखा तो 4 व्यक्ति दुकान खोलने की बात पर से आपस में लडाई -झगडा कर रहे थे। जिससे काफी भीड एकत्रित हो गई थी एवं आम रास्ता अवरूद्ध होने लगा था, उक्त चारों लोगों को उपस्थित व्यक्तियों ने व पुलिस द्वारा काफी समझाया गया, लेकिन वह नहीं माने। जिस पर उक्त चारों व्यक्तियों को पकडकर नाम पता पूछा जिन्होंने अपने नाम लखन रघुवंशी उम्र 45 साल निवासी ग्राम बागरोद, नीलेश लोधी उम्र 32 साल निवासी बागरोद चौराहा, गोपाल सिंह लोधी उम्र 45 साल, देशराज लोधी उम्र 32 साल निवासीगण ग्राम बर्री का होना बताया। जिनको धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया और उन्हें जेल भेज दिया गया। उक्त कार्वाई में त्योंदा थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी, प्रेमनारायण साहू , रविन्द्र तोमर, शिवम तोमर, सुभाष चंद्र, सतीश अलावे, प्रवेश चौधरी, महेन्द्र गौंड, प्रदीप अलावा, छविराम त्यागी व सैनिक रणवीर सिंह की अहम भूमिका रही।

### उपनिरीक्षक मालवीय के सेवानिवृत्त होने पर किया सम्मान

**त्योंदा।** त्योंदा में पदस्थ उपनिरीक्षक जमुना प्रसाद मालवीय द्वारा पुलिस विभाग में 41 साल अपनी सेवाएं दीं गईं। जिनका सेवाकाल गत दिवस पूर्ण होने पर वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हे बधाईयां दी। वहीं त्योंदा थाना प्रभारी निरीक्षक बबीता सिंह चौधरी एवं पुलिस स्टॉफ एवं क्षेत्रवासियों द्वारा पुलिस चौकी कस्बा बागरोद में विदाई समारोह का आयोजन कर शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर विदाई दी गई। इस दौरान उपनिरीक्षक जमुना प्रसाद मालवीय एवं उनका परिवार एवं तहसीलदार ऋतु राय, त्योंदा सीएचसी स्वास्थ्य केंद्र त्योंदा प्रभारी डॉक्टर नीलेश गुर्जर, हैदरगढ़ थाना प्रभारी केके पवार एवं स्टाफ, थाना ग्यारसपुर प्रभारी सीमा राय एवं स्टॉफ सहित आसपास के सभी क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने उनके सेवाकाल को याद कर उनके आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



## स्वदेशी की अवधारणा को जनजन तक पहुंचाने का उद्देश्य

# महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बनाई रंगोलियां





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी की अवधारणा को जन जन तक पहुंचाने एवं अपनाने के उद्देश्य से स्वदेशी शक्ति राष्ट्र शक्ति अपनाएं आत्मनिर्भर भारत बनाएं हेतु स्वदेशी जागरण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गत दिवस प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को स्वदेशी जागरण का संकल्प दिलवाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर निर्माण रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने स्वदेशी जागरण सप्ताह का मुख्य उद्देश्य बताया, आर्थिक रूप से भारत को आत्मनिर्भर बनाना है। ताकि भारत अपनी जरूरत के लिए अन्य देशों पर निर्भर ना रहे, टास्क प्रभारी डॉक्टर बीके प्रजापति ने स्वदेशी की महत्ता पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुमनलता गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन सिर्फ प्रचार के लिए नहीं बल्कि लोगों को वास्तविक रूप से अपनी जीवन शैली में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। स्वदेशी विषय पर रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम ऋषिका सोनी, द्वितीय निधि कुशवाहा, तृतीय स्थान पर रोहिनी शर्मा रहीं। वहीं स्वदेशी विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम खुशी दिवाकर, द्वितीय खुशबू शर्मा एवं तृतीय स्थान पर किरण कुशवाहा रहीं। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. बालकृष्ण प्रजापति, डॉ. सरिता घेंघट, डॉ. विजय शाक्य, डॉ. सपना श्रीवास्तव, डॉ. पवन जैन, डॉ. सुधा पाठक एवं डॉ. सुनील पाटीदार ने किया एवं विद्यार्थियों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डॉ. एल एन दुबे, डॉ. आरडी जाटव, डॉ. विकास आदि उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने किया विसर्जन स्थल का निरीक्षण



**गंजबासौदा।** एसडीएम संतोष बिटोलिया महाराणा प्रताप बस स्टैंड मेला ग्राउंड पर दशहरा पर्व और बेतवा अंबानगर मार्ग पर प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ एसडीओपी शिखा भलावी, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, नपा सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रतिमा विसर्जन के लिए बनाए गए कुंड का अवलोकन किया और सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी ली। नए बस स्टैंड परिसर में होने वाले रावण दहन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। कार्यक्रम के लिए नपा द्वारा मंच की मरम्मत, विद्युतीकरण और रंगरोगन कराया जा रहा है।

# सम्मान कार्यक्रम के दौरान किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

निपुण भारत कार्यक्रम अन्तर्गत संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा चयनित जिले की शालाओं में FLN वार्षिक सर्वे सत्र 2024-25 का आयोजन किया गया। विकास खंड की चयनित शालाओं में से शासकीय माध्यमिक विद्यालय चौरावर में वर्ष 2025-26 में दर्ज कक्षा 3 एवं 4 में अध्ययनरत छात्रों का राज्य द्वारा निर्धारित माड्यूल (टूल्स) के माध्यम से किया गया। इसी के अंतर्गत चौरावर मे सभी फील्ड इनवेस्टिगेटरस ने माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर दो दिवस FLN वार्षिक सर्वे कक्षा दो मे बारह कक्षा तीन मे पंद्रह बच्चों का सर्वे कार्य कर शत प्रतिशत लक्ष्य अंजाम दिया। इस अवसर पर शाला प्रधानाध्यापक संजीव रघुवंशी द्वारा योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी, फील्ड इनवेस्टिगेटरस जनशिक्षक अविनाश कटारिया , रौनक दांगी , अंशू तिवारी को पुष्प व कलम भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम समापन पर मां की बगिया मे एक पौधा मां के नाम के अंतर्गत सभी अतिथियो, फील्ड इनवेस्टिगेटरस व शिक्षक तथा ग्रामीण जनो ने औषधीय व दिव्य पौधो का पौधारोपण किया। सर्वे कार्य का विदिशा से आऐ एपीसी दिनेश विश्वकर्मा के नेतृत्व मे दल ने निरीक्षण भी किया। उन्होने शाला प्रबंधन व व्यवस्थाओं की भूरि भूरि प्रशंसा कर शाला प्रभारी के कार्य की सराहना भी की। इस अवसर पर अनिल शर्मा, राजाराम अहिरवार, भुवनेश्वर शर्मा, छाया शर्मा, उमाशंकर विश्वकर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद हुए।

### बड़े ही धूमधाम से आज होगा रावण दहन, एसपी काशवानी ने स्थल का निरीक्षण कर दिए निर्देश

# मां की प्रतिमा विसर्जन व रावण पुतला दहन के दौरान व्यवस्था पर रखें नजर

**सिरोंज।** दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन स्थलों का लगातार निरीक्षण कर तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए जा रहे है। इसी क्रम में विदिशा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने सिरोंज पहुचकर नया बस स्टेण्ड स्थित तालाब परिसर पर रावण दहन स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल की तैयारियों का जायजा लिया और वहां पर की जा रही व्यवस्थाओं को देखा। वही एसपी ने नया बस स्टेण्ड तालाब परिसर पर दशहरा समारोह और रावण दहन कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होने एसडीओपी व थाना प्रभारी को बेरिकेटिंग के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दशहरा समारोह के लिए ग्राउंड के चारों ओर बेरिकेटिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने दोनों स्थानीय पुलिस प्रशासन से नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैदी से जुटे रहने पर जोर देने के साथ दोनों प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा के लिहाज से संभव हो तो सीसी टीवी कैमरे लगवाने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने बाजार में निकलने वाले चल समारोह के दौरान भी बिजली विभाग एवं पुलिस विभाग से विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने विसर्जन कुंड एवं तालाब ग्राउंड पर स्थानीय प्रशासन द्वारा की जा रही



व्यवस्थाओं को भी सराहा। ज्ञात हो कि यहां प्रतिबर्ष बड़े ही धूमधाम से रावण दहन का आयोजन भव्य तरीके से किया जाता है। इसी को लेकर स्थानीय प्रशासन व्यापक व्यवस्थाएं जुटाने में लग गया है। इस दौरान एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा,पुलिस एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर,थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय,नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

सीएमओ ने किया विसर्जन का निरीक्षण - नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू ने अपनी टीम के साथ कैथन डेम पर पहुचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वही उन्होने बताया कि कैथन डैम घाट पर बिजली,टेंट,गोताखोर,टयूब,नाव एवं बेरीकेट,रस्सा की व्यवस्था की गई है। समिति सदस्यों को सिर्फ घाट तक पूजन अर्चना करने की अनुमति है। प्रतिमाओं के विजर्सन के लिए मौजूद कर्मचारियों प्रतिमाओं को विसर्जित करेगें। थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय ने बताया कि दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान कैथन घाट पर बड़ी संख्या में झांकियो का विजर्सन होता है। उन्होने पुलिसकर्मियों को हिदायत देते हुए छोटी-छोटी गतिविधि पर निगाह रखने और उसकी सूचना तत्काल देने को कहा गया है।

30 फिट के बन रहे पुतले - हिन्दू उत्सव समिति द्वारा दशहरे के उपलक्ष्य में तालाब परिसर पर 30 फिट के रावण,कुंभकरण,मेघनाथ के पुतले बनाकर तैयार किए जाते है। नगर में श्रीराम की विशाल सेना भी निकाली जाती है,जो कि बस स्टेण्ड पहुंचकर रावण का दहन करती है। इस दृश्य को देखने के लिए नगर सहित ग्रामीण अंचलो से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते है।

अचंलो में की जा रही तैयारिया- ग्रामीण अंचलो में भी पुलिस प्रशासन द्वारा नदी-तालाबों के घाटो पर विशेष व्यवस्थाएं जुटाई जा रही है। मुगलसराय थाना प्रभारी लक्ष्मण डाबर ने बताया कि रामघाट पर प्रतिवर्ष प्रतिमाओं का विसर्जन होता है। यहां पर समिति सदस्यो के सहयोग से लाईट की व्यवस्था कराई जा रही है। विसर्जन स्थल पर पुलिस बल भी मौजूद रहेगा। वही दीपनाखेड़ा,बामोरी शाला की झांकिया करीला डैम,गरेंठा की गरेंठा नदी,कुछ चाठौली तालाब में विसर्जित होगी। मौके पर बिजली व्यवस्था सहित पुलिस के जवान तैनात रहेगें। पथरिया थाना प्रभारी रितुराज ने बताया कि शाहपुर तालाब,बमुलिया ताल में इस क्षेत्र की झांकिया विसर्जित होगी। समिति सदस्यों से चर्चा कर उन्हे भी निर्देशित कर दिया है। घाटो पर लाईट सहित अन्य व्यवस्था की जा रही है।

## मां दुर्गा की झांकी में महाआरती थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

ग्राम भौरिया में खेडापति मंदिर पर लगी मां दुर्गा की झांकी में महाआरती थाली सजाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाली सजाओ प्रतियोगिता में ग्राम की अनेको बहनो ने भाग लेकर माता रानी की महा आरती के लिए सुंदर सुंदर थालिया सजाई। जिसमें प्रथम स्थान चिक्की शर्मा,दूसरा स्थान अन्नया साहू व तीसरा स्थान उंमग शर्मा ने प्राप्त किया। वही विजेता बहनो को समिति द्वारा पुरूस्कार वितरण किए गए। ग्राम में लगी मां दुर्गा की झांकी में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आसपास के ग्रामो से बडी संख्या में श्रद्धालु माता रानी के दर्शन करने के लिए पहुच रहें है।

## ग्राम मुगलसराय में लगा स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुगलसराय में स्वस्थ्य नारी शशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें अभियान की दैनिक थीम अनुसार व ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. विकास सिंह बघेल के मार्गदर्शन में शिविर में आए 112 से अधिक मरीजों की मधुमेह, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, वज़न, लंबाई, कमर माप, उनंब की जांच की गई। साथ ही 09 गर्भवती महिलाओं,12 धात्री महिलाओं की जांच कर सभी उपस्थित हितग्राहियों



को समस्या अनुरूप काउंसलिंग कर उपचार प्रदान किया गया। वही शिविर का उद्धघाटन विष्णु दांगी द्वारा किया गया। शिविर में मुख्य रूप से डॉ धर्मेश शर्मा,डॉ संदीप यादव, डॉ विक्रम दांगी एवं सेक्टर सुपरवाइजर मुन्नालाल अहिरवार, आशा सुपरवाइजर गायत्री श्रीवास्तव व समस्त ग्राम की महिलाएं आशा,बबीता कुशवाहा, आशा बाई दांगी, शिवकली कुशवाहा, तिखा यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मुन्नी बाई, मोहन कुशवाह आदि की मेहनत से शिविर का सफल आयोजन हुआ।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण माह का आयोजन




**सिरोंज।** एकीकृत बाल विकास परियोजना परिक्षेत्र में पोषण माह का आयोजन आगंनबाडी केन्द्रो पर आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उध्देशय एसएएम बच्चों में भूख की जांच एंव वंचित बच्चों की वृद्धि निगरानी को लेकर आयोजित कार्यक्रम में वार्ड की गर्भवती महिलाओं,छात्रो,किशोरी बालिकाओ व कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित रही। जिसमें एसएएम बच्चों की देखरेख,खानपान स्वास्थ जांच,वृद्धि निगरानी के संबंध में माताओं से विशेष चर्चा की गई। साथ ही बच्चो का वजन किया गया। वही एसएएम बच्चों की माताओं को एएनएम के द्वारा भूख की जांच करवाई और समय समय पर स्वास्थ्य जांच व बच्चों का वजन कराने हेतु कहा गया। इस दौरान कार्यक्रम में सेक्टर प्रर्यवेक्षक इमा वेला, आंगनबाडी कार्यकर्ता लीना सिंह,सहायिका रानी शर्मा, केशर बाई आदि उपस्थित रही।

## 38 लाख की लागत से बनी गौशाला तीन साल से सूनी, एक भी गोवंश नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर जनपद की ग्राम पंचायत बरखेड़ा गंभीर के ग्राम खेरूआ पाडरात में करीब तीन वर्ष पूर्व 38 लाख रुपए से अधिक की लागत से गौशाला का निर्माण कराया गया था।

निर्माण के तीन साल बाद भी गौशाला में एक भी गोवंश नहीं रखा गया है। वर्तमान में यह गौशाला खाली पड़ी हुई है और स्थानीय व्यक्ति अपनी दो गाय और दो भैंसे इसमें रख रहे हैं। शासन की करोड़ों की योजना जमीनी स्तर पर जिम्मेदारों की लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर गौशाला चालू होती तो सड़कों पर बेसहारा पशु भटकते न दिखते और किसानों की फसलें भी सुरक्षित रहतीं।इस संबंध में जब जनपद सीईओ जितेंद्र जैन से बात की गई तो उन्होंने माना कि गौशाला में अभी पानी और बिजली की व्यवस्था नहीं होने के चलते संचालन प्रारंभ नहीं हो पाया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी होते ही गौशाला को जल्द ही चालू कराया जाएगा।

## विजयादशमीं पर आज नगर की 8 बस्तियों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ निकालेगा पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

इस वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है। इसके लिए पिछले कई दिनों से बस्तियों में सघन संपर्क कर तैयारियां की जा रही है।

विदिशा नगर को 20 बस्तियों में बांटा गया है जहां 20 टोलियां घर-घर जाकर प्रयास कर रही हैं कि प्रत्येक घर से कम से कम एक व्यक्ति संघ की गणवेश ले और पथ संचलन में सहभागी हो। इस वर्ष विजयादशमीं उत्सव के निमित्त शहर की आठ बस्तियों में पथ संचलन निकाला जाएगा। पथ संचलन के दौरान भगवा ध्वज, वंदन गीत और घोष धुनों के साथ कदमताल करते हुए स्वयंसेवक बस्तियों में निकलेंगे।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचार प्रमुख वीरेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि 2 अक्टूबर को 8 बस्तियों में प्रातः 8.30 बजे एक साथ पथ संचालन निकाला जाएगा, जिसमें सुदर्शन बस्ती स्थान रामलीला मैदान, गुरुगोविंद बस्ती गल्ला मंडी बरईपुरा, सरस्वती बस्ती बालाजी मन्दिर चोपड़ा, यमुना बस्ती रायपुरा स्कूल, नर्वदा बस्ती मुखर्जी पार्क, कबीर बस्ती सरस्वती विद्यालय टीलाखेड़ी, महावीर बस्ती गंगा मैरिज गार्डन, रविदास बस्ती रायल सिटी पार्क शामिल है। इसके बाद अन्य 12 बस्तियों में 5 अक्टूबर और 12 अक्टूबर को पथ संचलन निकाला जाएगा। शताब्दी वर्ष के मौके पर पहली बार बड़ी संख्या में बस्तियों में पथ संचलन निकाला जाएगा। इसके लिए 5-5 स्वयंसेवकों की टोलियां बनाई गई। 20 टोलियां बस्तियों में घर-घर पहुंच रही हैं। शेष बस्तियों का संचलन 5 एवं 12 अक्टूबर को सम्पन्न होंगे।

### क्षत्रिय समाज का दशहरा मिलन समारोह 6 अक्टूबर को

**सागर।** क्षत्रिय समाज जिला सागर द्वारा 6 अक्टूबर को दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में जिले के समस्त स्वजातीय बंधुओं को सादर आमंत्रित किया जा रहा है। पूर्व में दशहरा मिलन समारोह की तारीख 4 अक्टूबर तय की गई थी परंतु कतिपय कारणवश इसमें संशोधन किया गया अब दशहरा मिलन समारोह आगामी 6 अक्टूबर दिन सोमवार को आयोजित होगा। कार्यक्रम के आयोजक, क्षत्रिय समाज जिला सागर के कार्यवाहक अध्यक्ष हरिराम सिंह ठाकुर और संयोजक कृष्णा सिंह महुआखेड़ा ने बताया कि इस बैठक में प्रदेश के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत भी शामिल होंगे। समाज ने एकजुटता और सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

**ग्यारसपुर।** ग्राम पंचायत में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सभी वृद्धजनों को शाल, श्रीफल, तिलक एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष प्रीति शंकर दयाल शर्मा, जनपद सीईओ जितेंद्र जैन और ग्राम सचिव नरसिंह दास बैरागी ने उपस्थित होकर बुजुर्गों के जीवन अनुभव को समाज की धरोहर बताया। कार्यक्रम में ग्यारसपुर के पूर्व सरपंच गजेंद्र सिंह रघुवंशी, सेवानिवृत्त शिक्षक प्यारेलाल शर्मा, सियाराम सोनी,



जिनवर लाल जैन, प्रताप सिंह रघुवंशी, तुलाराम कुशवाहा सहित अनेक वृद्धजनों का विशेष रूप से सम्मान किया गया। पंचायत द्वारा किए गए इस आयोजन से बुजुर्गों ने स्वयं को सम्मानित व गौरवान्वित महसूस किया। मौके पर ग्रामीणों ने भी वृद्धजनों के आशीर्वाद को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताया और कार्यक्रम को सामूहिक सद्भाव और आदर का प्रतीक माना।

## जवारों का विसर्जन हुआ, महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**शमशाबाद।** .नगर में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। नौ दिनों तक देवी शक्ति की उपासना कर श्रद्धालुओं द्वारा बोए गए जवारों का विसर्जन नवमी तिथि को बड़े ही धूमधाम और धार्मिक उल्लास के साथ किया गया। विसर्जन से पूर्व नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें जवारे और ज्योति कलश के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मार्ग में माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय



बना रहा। महिलाओं की विशेष भागीदारी इस आयोजन की खास झलक रही। मेला ग्राउंड घाट पर जवारों का विसर्जन हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता रानी के चरणों में अपनी मनोकामनाएँ अर्पित करते हुए परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। विसर्जन कार्यक्रम के दौरान नगर में मेले जैसा माहौल रहा और हर ओर भक्ति एवं उत्साह का ज्वार उमड़ पड़ा।

## कुरवाई विधायक सप्रे ने पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा को दिखाया आईना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने बुधवार को कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा को आड़े हाथों लिया।

विधायक सप्रे ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान वह चांद हैं जिन पर प्रताप भानु जैसे लोग काला धब्बा लगाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने प्रतापभानु शर्मा पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि प्रताप भानु अपनी गिरेबान में झांककर देखें कि उन्होंने आज तक अपने लोकसभा क्षेत्र को क्या दिया है। उनके समय के लोगों को याद है सिर्फ विदिशा ही नहीं पूरे प्रदेश की सड़क टूटी-फूटी थी, प्रदेश में बिजली आती कम थी ज्यादा जाती थी। मजदूर किसान भुखमरी की कगार पर सेठ साहूकारों के दरवाजे पर खड़ा रहता था।

दरअसल बीते दिनों पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा ने सोशल मीडिया पर देश के केंद्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर आरोप लगाए थे। इन आरोपों का खंडन करते हुए विधायक हरि सिंह सप्रे ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान का राजनीतिक और सामाजिक योगदान अद्वितीय है। उनके ऊपर इस प्रकार के निराधार आरोप लगाना केवल राजनीति की निम्न स्तर की सोच को दर्शाता है।



शिवराज सिंह चौहान सिर्फ विदिशा से सांसद और विधायक नहीं रहे बल्कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे हैं और उन्होंने विदिशा के साथ-साथ पूरे प्रदेश की जनता के लिए काम किए हैं। जिसकी वजह से जिस मध्य प्रदेश को कांग्रेसियों ने बीमारू राज्य बना रखा था उसी मध्य प्रदेश को अपनी सोच और विकास की कल्पनाओं की दम पर आज अग्रणी राज्यों में लाकर खड़ा कर दिया।

## बांसकुली में 78 वर्ष से विराजित की जा रही मां काली की अलौकिक प्रतिमा

### माता को भक्त अर्पित करते हैं सोने चांदी के आभूषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ज़िले की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान में अगर किसी एक परंपरा का नाम सबसे पहले लिया जाए, तो वह है बांसकुली क्षेत्र में मां श्री महाकाली की भव्य झांकी। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भक्तिभाव, परंपरा और जनसहयोग का अद्भुत संगम है। 78 वर्ष पूर्व यहां पहली बार महाकाली की प्रतिमा स्थापित हुई थी और तब से लेकर आज तक यह परंपरा पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ निरंतर चल रही है।

श्री महाकाली समिति बांसकुली के संरक्षक नितिन सिरभैया बताते हैं कि इस झांकी की शुरुआत लगभग 69 वर्ष पूर्व स्वर्गीय कुंदनलाल सोनी,ओमप्रकाश सोनी और उनके पिता स्वर्गीय दिनेश सिरभैया, ने मिलकर की थी। उस समय विदिशा में झांकी की कोई परंपरा नहीं थी। सबसे पहले खाई रोड पर प्रतिमा का निर्माण किया गया था और फिर



बांसकुली में उसकी स्थापना की थी। यही से पूरे जिले में झांकी की परंपरा का सूत्रपात हुआ, जो आज विभिन्न क्षेत्रों में भी मनाई जाती है।

### सात किलो चांदी और सोने की बिंदिया

आज की स्थिति यह है कि माँ महाकाली करीब 7 किलोग्राम चांदी के आभूषणों से अलंकृत होती हैं। इन आभूषणों में चांदी के हाथों के कंगन, करधोनी, पायल, बाजूबंद, चांदी का छत्र, करीब 35 प्रकार के भव्य आभूषण, लगभग डेढ़ सौ से अधिक चाँदी की बिछिया शामिल हैं। इतना ही नहीं, माँ के माथे पर दो सोने की बिंदिया भी सुशोभित हैं, जो भक्तों के समर्पण और माँ की दिव्यता का प्रतीक हैं। इस वर्ष भी चांदी के दो छोटे छत्र 10 जोड़ी पायल एवं 32 जोड़ी बिछुड़ी भक्तों ने माता के चरणों में अर्पित की है।

### आभूषण अर्पण की परंपरा

बांसकुली की महाकाली झांकी को विशेष बनाने वाली सबसे बड़ी बात है आभूषण अर्पण की परंपरा। यह परंपरा 2012 से शुरू हुई। कहानी कुछ यूँ है कि उस वर्ष एक भक्त ने माँ महाकाली से अपनी एक विशेष मनोकामना की थी। जब उसकी इच्छा पूर्ण हुई तो उसने माँ को चाँदी के आठ कंगन, दो पायल, करधोनी, तीन हार और अन्य आभूषण अर्पित किए। यह क्षण केवल उस भक्त के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अविस्मरणीय था। इसके बाद से माँ को चांदी के आभूषण चढ़ाने की परंपरा शुरू हुई, जो लगातार जारी है।

### ग्यारसपुर में पथ संचलन के लिए भूमिपूजन किया

**ग्यारसपुर।** 5 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विशाल पथ संचलन कार्यक्रम की तैयारियों की शुरुआत भूमिपूजन के साथ की गई। तहसील मैदान में संत कल्याण दास महाराज, मानसरोवर धाम ग्यारसपुर ने अपने कर कमलों से मंत्रोच्चारण के साथ भूमिपूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**कार्यालय - रिटर्निंग अधिकारी फीनिक्स बायोसीड्स एण्ड प्रोसेस्ड फूड को-ऑपरेटिव सोसायटी मर्यादित कुरवाई जिला**
**विदिशा पंजी. क्रमांक 917 दिनांक 29.03.2014**
**निर्वाचन आमसभा की सूचना**
संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन बावत् विशेष साधारण सम्मिलन दिनांक 18.10.2025 दिन शुक्रवार को प्रातः 11.00 बजे से स्थान संस्था कार्यालय पर आयोजित की गई है। दिनांक 09.10.2025 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक संस्था कार्यालय पर श्री राहुल रजक, सचिव द्वारा नामांकन पत्र लिये जावेगें। दिनांक 10.10.2025 को प्रातः 11.00 बजे से नियोजन पत्रों की जांच की जावेगी। दिनांक 11.10.2025 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक नाम वापिस लिये जा सकेगें। तत्पश्चात् सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आबंटन रिटर्निंग अधिकारी एम.एस. भदौरिया द्वारा किया जावेगा। आमसभा की सूचना सदस्यों को पृथक से भेजी गई है।
**(एम.एस. भदौरिया)**
**रिटर्निंग अधिकारी**
**फीनिक्स बायोसीड्स एण्ड प्रोसेस्ड फूड को-ऑपरेटिव सोसायटी मर्यादित कुरवाई जिला विदिशा**

## खबर संक्षेप

### शस्त्र पूजन में शामिल होंगे स्कूल शिक्षा मंत्री

**रायसेन।** मप्र शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह 2 अक्टूबर को शहर में विजयादशमी पर्व पर आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री श्री सिंह आज गुरुवार को सुबह 10 बजे भोपाल से प्रस्थान कर 11 बजे रायसेन पहुचेंगे तथा यहां पुलिस लाईन में आयोजित शस्त्र पूजन के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह का जिले में दौरा आज

**रायसेन।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विजया



दशमी पर्व 2 अक्टूबर को रायसेन जिले के बेगमगंज, सुल्तानपुर, रायसेन तथा मंडीदीप में आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि की हैसियत से सम्मिलित होंगे। बीजेपी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य शर्मा ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान 2 अक्टूबर को शाम 4.30 बजे विदिशा से प्रस्थान कर शाम 5.30 बजे बेगमगंज पहुचेंगे। यहां दशहरा उत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके उपरांत श्री चौहान शाम 7.30 बजे सुल्तानपुर में आयोजित दशहरा कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। रात्रि 9 बजे रायसेन के दशहरा कार्यक्रम में तथा रात्रि 11 बजे मंडीदीप में आयोजित दशहरा कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### ट्राले ने खड़ी बाइक रौंदी बड़ा हादसा होने से टला

**सलामतपुर।** भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर बुधवार तड़के करीब सुबह 4 बजे बड़ा हादसा टल गया। कुलहाड़िया के पास सड़क किनारे खड़ी बाइक में तेज रफ्तार ट्राला ने सामने से आ रही बोलेरो को बचाने में अनियंत्रित हो गया और बाइक को कुचलता हुआ सीधे खेत में उतर गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। हादसे में बाइक पूरी तरह चकनाचूर हो गई।

### स्व.महेश चच्चा की स्मृति में बांटी 12 ट्राईसाइकिल

**रायसेन।** शहर के समाजसेवी स्वर्गीय महेश श्रीवास्तव चाचा की पुण्य स्मृति में उनके भतीजे दीपक श्रीवास्तव अनिल अन्नू श्रीवास्तव, बबलू श्रीवास्तव, रुपेश बन्टू श्रीवास्तव सत्यम, शशांक, सक्षम श्रीवास्तव, अशोक सोनी द्वारा उप पंजीयक कार्यालय को ट्राई साइकिल जिला पंजीयक रजनीश सोलंकी, उप पंजीयक अरविंद चौहान को भेंट की। युवा समाजसेवी अनिल अन्नू श्रीवास्तव ने बताया यह ट्राई साइकिल उन लोगों के लिए दी जा रही है जो दिव्यांग हैं आने जाने में असमर्थ रहते हैं। उन्होंने बताया कि स्व. महेश श्रीवास्तव की स्मृति में 12 ट्राईसाईकिल का उपयोग नगर की विभिन्न शासकीय कार्यालय बैंक में आवश्यकता अनुसार किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि स्वर्गीय महेश श्रीवास्तव रायसेन के वरिष्ठ समाजसेवी थे। गरीब जरूरतमंदों की मदद जनसेवा में तत्पर रहते थे। इन्हीं समाजसेवा को आगे बढ़ाने के लिए श्रीवास्तव परिवार उनके भतीजे मददगार साबित हो रहे हैं।

## सरकार के आदेश के बावजूद संचालकों की मनमानी

# पेट्रोल पंपों पर खुलना थे पीयूसी सेंटर विभाग और संचालक नहीं ले रहे रुचि

» सरकार ने हर पेट्रोल पंप पर पीयूसी सेंटर खोले जाने के आदेश दिए थे, लेकिन पंपों के संचालकों द्वारा जिम्मेदार विभागों को आवेदन तो दिए, लेकिन इसमें रुचि न लेने के कारण पीयूसी सेंटर नहीं खुल सके।


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शासन द्वारा रायसेन शहर सहित जिलेभर के सभी पेट्रोल पंपों पर पीयूसी सेंटर खोले जाने की हिदायत दी गई है। लेकिन विडंबना यह है कि जिला मुख्यालय के सागर भोपाल तिराहे के नजदीक एक पीयूसी सेंटर वाहनों की प्रदूषण की जांच के लिए खोला गया था, जो बाद में बंद हो गया। इसे छोड़कर कहीं भी पीयूसी सेंटर नहीं खुल पाए हैं, जिससे जांच के लिए वाहन चालक ऑटो चालक जांच के लिए यहां वहां भटकने के लिए मजबूर हैं।

विभागीय सूत्रों के अनुसार रायसेन शहर में करीबन 20 पेट्रोल पंप हैं। जिले में 230 पेट्रोल पंप विभिन्न कंपनियों के खुल चुके हैं, कुछ पेट्रोल पंप निर्माणाधीन हैं।

### जुर्माने से बचते हैं वाहन चालक

महानगरों सहित अन्य बड़े शहरों में वाहनों की जांच अनिवार्य रूप से की जाती है। जिले के वाहन चालक महाराष्ट्र जाने से पहले पीयूसी प्रमाण पत्र हासिल कर लेते हैं, जिससे वह जुर्माने की कार्रवाई से बच जाते हैं। लेकिन रायसेन जिले में ऐसी सख्ती देखने को नहीं मिलती है। जिसके कारण लोग पीयूसी को लेकर गंभीरता नहीं बरतते हैं। प्रदूषण विभाग को परिवहन विभाग ने पूर्व में पत्र लिखा, लेकिन खाद्य एवं प्रदूषण विभाग मामले को गंभीरता से नहीं लेता है।



### प्रत्येक वाहनों में धुआं प्रदूषण की जांच जरूरी

शासन के निर्देश पर प्रत्येक पेट्रोल पंपों पर पीयूसी सेंटर (प्रदूषण जांच केंद्र) अनिवार्य रूप से खोले जाने हैं, लेकिन वह अब तक नहीं खुल पाए हैं। वाहनों से निकलने वाले धुएं से सबसे ज्यादा प्रदूषण होता है। ऐसे में हर वाहनों की जांच पेट्रोल पंपों पर बनाए गए पीयूसी सेंटर पर हो सकती है। जिला परिवहन विभाग से अनुमति व प्रदूषण नियंत्रण की मॉनीटिरिंग के अभाव यह सेंटर चालू नहीं हो पा रहे हैं।

### विभागों के बीच उलझा मामला

वर्तमान में दोनों विभागों के बीच मामला उलझा हुआ है। पेट्रोल पंपों पर पीयूसी सेंटर खोले जाने का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद भी पेट्रोल पंप संचालक मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कुछ पेट्रोल पंप संचालकों ने जिला परिवहन कार्यालय में आवेदन कर अनुमति मांगी है।,लेकिन पीयूसी सेंटर खोलने मशीनरी व अन्य सामान अभी तक क्रय नहीं किया है।

### इनका कहना है

जिन पेट्रोल पंप संचालकों ने पीयूसी सेंटरों को लेकर अनुमति मांगी है तथा जो भी आवेदन कर रहा है उसे अनुमति अनिवार्य रूप से दी जा रही है। कई पेट्रोल पंपों पर पीयूसी सेंटर बनाए गए हैं।

**जगदीश भील** आरटीओ, रायसेन




### बगैर जांच पड़ताल के थमा रहे प्रदूषण सर्टीफिकेट

*बगैर जांच मिल रहा प्रमाण पत्र शहर में आरटीओ कार्यालय परिसर में एक चलते फिरते मारुति वैन में पीआईसी सेंटर सहित अन्य जगहों पर बगैर किसी जांच पड़ताल के रुपये लेकर सर्टिफिकेट थमाया जा रहा है। पीआईसी सेंटर संचालक सिर्फ गाड़ी नम्बर बताने पर प्रदूषण प्रमाण पत्र जारी कर दिए जाते हैं। इसके बदले एकमुश्त मोटी रकम वसूल ली जाती है। जिला परिवहन कार्यालय खरगावली में भी वाहनों के फिटनेस, परमिट में लगने वाले पीयूसी सेंटर से प्रमाण पत्र मोटी रकम लेकर तत्काल फर्जी प्रमाण पत्र दे दिया जाता है। इसमें आरटीओ एजेंट की मिलीभगत भी जग जाहिर है।*

## वृद्धाश्रम में वृद्धों के साथ विधायक और कलेक्टर ने किया भोजन

वृद्धजन अपने अनुभवों से समाज और नई पीढ़ी को सही दिशा दिखाते हैं - डॉ चौधरी



◆ अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर महात्मा गांधी वृद्धाश्रम रायसेन में शतायु सम्मान समारोह हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सामाजिक न्याय विभाग द्वारा शहर के दशहरा मैदान स्थित महात्मा गांधी वृद्धाश्रम में शतायु वृद्धजन सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह में विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी तथा कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा शतायु वृद्धजन 106 वर्षीय जानकी बाई तथा 111 वर्षीय नत्थे खॉ को शाल, श्रीफल एवं एक-एक हजार रूपए की राशि भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने समारोह में वृद्धजनों को पुष्पहार पहनाए एवं पुष्प वर्षा की।

इस अवसर पर विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि वृद्धजन अपने अनुभवों से समाज और नई पीढ़ी को सही दिशा दिखाते हैं और घर-परिवार में रिश्तों की बुनियाद को मजबूती देते हैं। उन्हीं से हमें जीवन की दिशा, अनुभव और अच्छे संस्कार मिलते हैं। वृद्धजनों के प्रति प्रेम और सम्मान जरूरी है और उनकी देखभाल हम सबकी जिम्मेदारी है।

इसके उपरांत विधायक डॉ चौधरी, कलेक्टर श्री विश्वकर्मा तथा अन्य अतिथियों द्वारा वृद्धजनों के साथ भोजन भी किया। साथ ही चिकित्सकों की टीम द्वारा वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### ग्राम जमुनिया और कयामपुर में निकाली चुनरी यात्रा

**दीवानगंज।** ग्रामीण अंचलों में नौ दिनों से लगातार अलग-अलग गांव में अलग-अलग दिन चुनरी यात्रा का आयोजन हो रहा है। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण पहुंच रहे हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम जमुनिया और ग्राम कयामपुर में विशाल चुनरी यात्रा ग्रामीणों द्वारा निकाली गई। ग्राम जमुनिया 250 मीटर की चुनरी यात्रा जमुनिया के भैरव मंदिर से प्रारंभ हुई जो जमुनिया के मुख्य मार्गो से होते हुए जमुनिया के राम जानकी मंदिर पर पहुंची।



## जिला प्रशासन ने चढ़ाई पहली चादर

# पीर फतेह उल्लाह साहब की दरगाह पर 804वां उर्स प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहंशाहे मालवा हजरत पीर फतेह उल्लाह साहब की मजार में 804वां सालाना उर्स का आयोजन बुधवार शाम से शुरू हुआ। उर्स का यह 804 वां वर्ष है, जो कि अनवरत जारी है। आयोजन के शुरुआत में जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा पहली चादर पेश कर देश की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की दुआ मांगी।

मालूम हो कि उर्स का आयोजन 4 अक्टूबर तक होगा। उर्स में प्रदेश और जिले के हजारों जायरीन एकत्रित होकर जियारत करेंगे।

औक़ाफे शाही कमेटी के सचिव शहर काजी जहीरउद्दीन ने बताया कि उर्स के पहले दिन जिला प्रशासन की तरफ से एसडीएम मनीष शर्मा, तहसीलदार भरत सिंह मांडवे, एसडीओपी प्रतिभा शर्मा ने दरगाह शरीफ पर पहली चादर पेश



कर सालाना उर्स की शुरुआत की। जिसके पश्चात रात 8 बजे से मिलादुन्नबी जलसा एवं नात व तकरीर हुईं, जिसमें जायरीनों ने शिरकत की।

दूसरे दिन गुरुवार को 2 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे कव्वाली का जंगी मुकाबला होगा तथा तीसरे दिन 3 अक्टूबर को भी रात्रि 9 बजे कव्वाली का मुकाबला होगा। 4 अक्टूबर सुबह 7 बजे फजिर की नमाज अदा करने के बाद कुल की दुआ और महफिले रंग का आयोजन किया जाएगा।

# आज दशहरा पर्व पर निकलेगा संघ का पथ संचलन

◆ पथ संचलन के लिए घरों घर कर रहे संपर्क, उपलब्ध कराई जा रहा गणवेश

◆ राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ का शताब्दी वर्ष, नगर में निकलेंगे चार पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

1925 में दशहरें के दिन नागपुर में डॉ. हेडगवार ने राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की स्थापना की थी। आज संघ की स्थापना 100 वर्ष पूर्ण हो रहे है। संघ द्वारा नगर में 4 अलग-अलग तिथियों में पथ संचालन निकाल कर अपनी शक्ति संख्या का प्रदर्शन और शताब्दी वर्ष पूरे उत्साह



के साथ मनाया जाएगा। पथ संचलन निकालने की तैयारियां जारी है। स्वंयसेवकों द्वारा घरों -घर पहुंच कर संपर्क और गणवेश उपलब्ध कराया जा रहा है।

### आज निकलेगा पथ संचलन

आरएसएस द्वारा वर्ष भर में 6 उत्सव उत्साह के साथ मनाये जाते है। जिसमें प्रमुख स्थापना दिवस विजयादशमी पर्व है, जब स्वंयसेवकों द्वारा शस्त्र पूजन किया जाता है। आज गुरूवार को सुबह साढे 8 बजे संघ का शस्त्र पूजन कार्यक्रम रामलीला मैदान में रखा गया है। विजयादशमी के दिन संघ द्वारा गणवेश घोष के साथ पथ संचलन निकालने की परंपरा है। शताब्दी वर्ष में नगर का पहला संचलन आज गुरूवार को महाराणा प्रताप बस्ती का पशु चिकित्सालय मैदान से निकाला जाएगा। जिसकी संघ के स्वंयसेवकों द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है।

### 5 व 8 को पथ संचलन

5 अक्टूबर को आरएसएस के स्वंय सेवकों द्वारा एक दिन में दो पथ संचलन निकाले जाएगें। एक पथ संचलन भगत सिंह बस्ती का नाहर पार्क से निकाला जाएगा। दूसरा पथ संचलन विवेकानंद बस्ती का रामलीला मैदान से निकाला जाएगा। 8 अक्टूबर को महावीर बस्ती का पथ संचलन रामलीला मैदान से प्रारंभ होगा, आरएसएस द्वारा नगर में निकाले जाने वाले 4 अलग-अलग पथ संचलन के लिए घरों-घर पहुंच कर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जिन स्वंय सेवकों के पास गणवेश नहीं है, उन्हें गणवेश भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

## दशहरा महोत्सव की तैयारियां हुई पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

विजयदशमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इस वर्ष का दशहरा पर्व कुछ खास और यादगार होने जा रहा है। वहीं मनमोहक संगीतमय प्रस्तुति का भी आयोजन रखा गया है। आयोजन समिति श्री हिंदू उत्सव समिति बाड़ी के अध्यक्ष जस्सी अटवाल के अनुसार दशहरा पर्व की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण हो चुकी है।

इस वर्ष का दशहरा पर्व में 30 फिट का रावण का दहन होगा। रावण दहन का कार्यक्रम अनूठा एवं आकर्षण होगा, बाड़ी खुर्द में 3 पुतलों का दहन होगा, जिसमें 30 फिट ऊंचे रावण के साथ मेघनाथ के साथ कुंभकर्ण का दहन होगा। इसमें लगभग 1 घंटे तक रंग बिरंगी आतिशबाजी होगी, जिसमें समूचा आयोजन स्थल रंगीन रोशनी से जगमगा उठेगा। जो जनमानस को भगवान श्रीराम के विजय होने की कल्पना से भर देगा।

रावण दहन के उपरांत भक्ति गीतों की संगीतमय प्रस्तुति होगी, प्रतिभा म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार देवी भजनों के साथ साथ चुंबकीय प्रस्तुति देगा आयोजक की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। इस बार झाकियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। दशहरा पर्व को लेकर नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में उत्साह हैं। इस बार के भव्य आयोजन को देखते हुए प्रशाशन ने भी अतिरिक्त व्यवस्थाएं की हैं एवं सुरक्षा के माकूल इंतजाम भी किए हैं।

## मां जगदंबे का प्राकृतिक मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मां शेरावाली दुर्गोत्सव समिति तालाब वाली मैय्या की प्रतिमा का विशेष विसर्जन बुधवार की रात्रि में कराया गया। मातारानी जगदंबे का प्राकृतिक मिलन के साक्षी बने दुर्गोत्सव समिति सदस्य माता के भक्त।

झांकी के प्रमुख सदस्य एवं समाजसेवी राहुल परमार ने बताया कि मिश्र तालाब घाट झांकी स्थल पर यह अनूठा आयोजन रखा गया। उन्होंने बताया कि झांकी स्थल पर 15 वाय 20 का विसर्जन कुंड तैयार किया गया। इस कुंड में माता शेरावाली की मनमोहक प्रतिमा को भक्तों द्वारा विसर्जन कुंड में रखा



गया। इसके बीच धार्मिक मंत्रोच्चारण के बीच फव्वारों के सहारे देवी प्रतिमा पर पानी की फुहारों से भिगोया गया।

शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान जहां पूरे नौ दिनों तक तालाब वाली मैय्या की उपासना आराधना पूजन की।

## देवी-भक्तों ने हवन-पूजन कर मां भगवती से लिया आशीर्वाद

# नवरात्रि की महानवमीं पर देवी मंदिरों में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में शारदीय नवरात्रि की महानवमीं पर देवी मंदिरों और घरों में भक्तों ने हवन-पूजन किया। मातारानी महिषासुर मर्दिनी का विधि-विधान से पूजन आराधना की गई। मंदिरों में घंटा और शंख की गगनभेदी ध्वनि गूंजती रही। जिससे भक्तिपूर्ण माहौल देवीमय हो गया।

जिले के प्रमुख देवी मंदिर मां छोले वाली मातारानी खंडेरा, कंकाली शक्तिपीठ गुदावल और मां हिंगलाजदेवी बाड़ी कलां, हरसिद्धि माता परवरिया, मां बागराजन बड़ौदा, मूरेलकलां में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया और दान दक्षिणा वस्त्रादि भेंट देकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

देवी भक्त महिलाएं फूलमाला, सुहाग सामग्री अगरबत्ती, कपूर और नारियल प्रसाद लेकर मंदिरों में पहुंचे। उन्होंने मिश्र तालाब स्थित देवी मंदिर, खेड़ापति माता मंदिर और जिला न्यायालय परिसर के माता मंदिर मां



भगवती माता मंदिर सांची रोड़ मां वैष्णोदेवी मंदिर धाम जिला अस्पताल गंजबाजार माता महामाई दशहरा ग्राउंड, माता पीतांबरा अर्जुन नगर बाल विहार में भी पूजा-अर्चना की। देवी भक्तों ने माता भवानी को जल चढ़ाकर खीर-पुडी आदि पकवानों का भोग अर्पित किया। वहीं हवन आरती में महिलाओं ने अपने परिवार सहित हिस्सा लिया। यह पूजन हवन का सिलसिला बुधवार को सुबह साढ़े 5 बजे से शुरू हो गया था।

### मुकुट और गदा किया भेंट

शारदीय नवरात्रि पर्व पर किन्नर समाज ने गंजबाजार स्थित माता महाकाली मंदिर और



सिद्ध दादाजी हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की। किन्नर गुरु तमन्ना नायक द्वारा 9 दिनों तक उपवास रखे।

किन्नर समाज ने माता महाकाली की प्रतिमा को चांदी का मुकुट और सिद्ध दादाजी हनुमान मंदिर पर पीतल का बड़ा घंटा, मंदिर पुजारी पंडित दुर्गा प्रसाद शर्मा को गदा भेंट किया और उनसे चोला भी चढ़वाया। इसके पहले शहर के सागर भोपाल तिराहे से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

# विजया दशमी पर हिउस के तत्वाधान में निकलेगा अखाड़ों के साथ चल समारोह

हनुमान मंदिर छींद धाम में दर्शन पूजन के लिए भक्तों का मेला

◆ दशहरा मैदान में होगा रावण दहन, रात्रि में धर्म सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शारदीय नवरात्रि में देवी भक्तों द्वारा अष्टमी, नवमी पर अपनी कुलदेवियों की विशेष पूजन की गई। देवी भक्तों द्वारा कन्याओं का पूजन और भोजन कराने का 3 दिनों से सिलसिला चल रहा है। आज गुरूवार को हिउस के तत्वाधान में बडा बाजार से अखाड़ों के प्रदर्शन के साथ चल समारोह निकाला जाएगा।

दशहरा हॉकी मैदान में रात्रि में रावण दहन आतिशबाजी के बाद धर्मसभा, पुरूस्कार वितरण का कार्यक्रम होगा। रात्रि जागरण में इस बार प्रदेश स्तरीय भजन मंडलों की ईनामी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका प्रथम पुरूस्कार 71 हजार रू. रखा गया है।

राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की स्थापना 100 वर्षो पूर्व दशहरें के दिन हुई थी। शताब्दी वर्ष प्रारंभ हो गया है। दशहरें पर संघ द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रम किया जाता है।



### छींदधाम में भक्तों का मेला

नबावी शासन के दौरान हनुमान मंदिर छींदधाम में नगर का दशहरा पर्व मनाया जाता था। 60 के दशक में दशहरा नगर में मनाने की शुरूआत हुई। दशहरें के दिन नगर ही नहीं संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र और अन्य स्थानों से हजारों की संख्या में श्रीराम, हनुमान जी के भक्त छींदधाम में दर्शन, पूजन करने और प्रसाद चढ़ाने आते है। इसी कारण स्थानीय प्रशासन, पुलिस द्वारा छींदधाम पहुंचने वाले मार्गो पर वाहनों के रूकनें और आवागमन को एकांकी मार्ग कर यातायात को सुचारू बनाये रखने की व्यवस्थाए की गई है। तालाब से छींद धाम मंदिर मार्ग पर अतिक्रमण भारी संख्या में सडक किनारें दुकानें लगने दे दर्शनार्थी हनुमान भक्त हैरान परेशान बने रहते है। आज दशहरें के दिन 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।